**भारत सरकार**
**विदेश मंत्रालय**
**लोकसभा**
**तारांकित प्रश्न संख्या – 372**
**दिनांक 20.12.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए**

## भारत के राजनयिक संबंध

***372. श्री देवेश चन्द्र ठाकुरः**

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) दुनिया भर में कितने देशों के साथ भारत के कोई राजनयिक संबंध नहीं हैं;

(ख) ऐसे देशों के नाम क्या हैं और उनके साथ राजनयिक संबंध न रखने के क्या कारण हैं;

(ग) उक्त देशों के साथ संबंध स्थापित करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का विचार है; और

(घ) इस संबंध में कितनी सफलता मिली है?

**उत्तर**
**विदेश मंत्री**
**[ डॉ. सुब्रह्मण्यम जयशंकर]**

(क) से (घ): वक्तव्य सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

**"भारत के राजनयिक संबंध" के संबंध में दिनांक 20.12.2024 को उत्तरार्थ लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 372 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित वक्तव्य।**

(क) से (घ) संयुक्त राष्ट्र (यूएन) का ऐसा कोई सदस्य देश नहीं है जिसके साथ भारत के राजनयिक संबंध न हों। संयुक्त राष्ट्र के सभी 192 सदस्य देशों के साथ राजनयिक संबंध होने के अतिरिक्त, दो यूएन पर्यवेक्षक देशों अर्थात होली सी तथा फिलिस्तीन राष्ट्र और दो गैर-यूएन सदस्य देशों अर्थात नियू और कुक आइलैंड्स के साथ भी भारत के राजनयिक संबंध हैं।

*****